हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

11 बेसहारा गायों को सड़क पर नहीं गोशाला में दें गोग्रास...



12 जल निकासी व फसलों के मुआवजे की मांग को...



## खबर संक्षेप

### अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 14 को : प्रकाश

**भिवानी।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक पहल की घोषणा की गई है। महिला खिलाड़ियो को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। इस लीग का उद्घाटन समारोह 14 सितंबर को स्थानीय लठियावाला जोहड़ी के नजदीक स्थित वॉक्सी साइंस एंड कंपटीशन क्लासेस में होगा। यह जानकारी प्रधान राजीव प्रकाश व उपप्रधान संदीप कुमार ठेकेदार ने दी।



### पुलिस ने वाल्मीकि बस्ती में चलाया सर्च अभियान

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों व नशीले पदार्थों और तस्करों की तलाशी के लिए बाल्मिकी बस्ती में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस ने संदिग्ध लोगों के मकानों की तलाशी ली। मंगलवार को एएसआई राहुल के नेतृत्व में एक टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ बाल्मीकि बस्ती पहुंची। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों की पहचान की गई। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व व्यापार में लिप्त लोगों को पकड़ने और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के लिए जिला पुलिस अभियान चला रही है।

### सीजेएम ने जलभराव का निरीक्षण किया निरीक्षण

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव-सह- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने विभिन्न गांवों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिस भी किसान की फसलों को नुकसान हुआ है वो सभी अपनी खराब हुई फसलों का मुआवजा लेने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें ताकि मुआवजा मिल सके।

पानी को लेकर मचा हाहाकार, कहीं रोड जाम तो कहीं घरों में कैद हुए लोग

# पानी की निकासी की मांग को लेकर जींद-भिवानी रोड जाम

*सदर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों की अधिकारियों से बातचीत करवाई और जल्द ही पानी की निकासी करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण जाम हटाने को राजी हुए।*

### गांव तिगड़ाना में ड्रेन के ओवरफलो होने व खेतों का पानी गांव में पहुंचा

हरिभूमि ▶▶ भिवानी

गांव तिगड़ाना में ड्रेन के ओवरफलो होने व खेतों का पानी गांव में पहुंचने के विरोध में लोगों ने जींद-भिवानी मार्ग को जाम कर दिया। लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सदर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से बातचीत करवाई और जल्द ही पानी की निकासी करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण जाम हटाने को राजी हुए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर पानी की निकासी का प्रबंध नहीं हुआ तो वे फिर से रोड जाम करने पर मजबूर होंगे।

करीब 11 बजे गांव तिगड़ाना के लोग जींद भिवानी मार्ग पर उतर आए। लोगों ने लकड़ी व पत्थर लगाकर वाहनों को रोकना आंरभ कर दिया। जाम लगने के कुछ देर बाद ही मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जमा की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने लोगों से जाम हटाने के लिए कहा,लेकिन ग्रामीण मौके पर अधिकारियों के आने की बात पर अड़ गए। उसके बाद एसएचओ ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना दी और उसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जल्द ही मोटर लगवाकर पानी की निकासी शुरू करवाए जाने तथा ड्रेन के ओवरफलो होने व कई जगहों से लगे कट को दूरुस्त करवाए जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग जाम खोलने को राजी हुए।



भिवानी। पानी की निकासी नहीं होने से नाराज लोग लकड़ी पत्थर लगाकर वाहनों को रोकते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### अब खेतों का पानी गांव की तरफ बहने लगा

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव से ड्रेन निकली हुई है। जिसके माध्यम से चार गांवों के बारिश के पानी की निकासी होती है। उसमें पानी ज्यादा छोड़ने से तिगड़ाना में ओवरफलो हो गई है। गांव के खेतों में पानी जमा होने के बाद अब पानी गांव की तरफ बहने लगा है। अगर अभी भी हालात नहीं संभले तो गांव में पानी जमा हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में कई बार जिला प्रशासन को सूचना दी गई,लेकिन आज तक उनकी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।





भिवानी। गांव लोहारी जाटू में जलभराव का निरीक्षण करते हुए।

## जलभराव ने किया लोगों को घरों में कैद, प्रशासन पूरी तरह फेल: फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने बलियाली, जाटू लोहारी व पुर गांव का किया दौरा

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने मंगलवार को गांव बलियाली, जाटू लोहारी व पुर गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलभराव वाली रिहायशी कॉलोनियों का दौरा किया और पीड़ित परिवार के लोगों का हालचाल भी जाना। जलभराव का निरीक्षण करने के बाद पूर्व सीपीएस ने लोगो से बातचीत करते बताया कि जलभराव ने लोगों को घरों में ही कैद कर दिया।

सबसे बुरी स्थिति बलियाली , जाटू लोहारी की बाहरी कॉलोनियों की बनी है। जाटू लोहारी की बाबा जगन्नाथ मंदिर के पास बनी कॉलोनी में करीब तीन से चार फुट तक बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग घरों में ही कैद है। अगर उनको कहीं पर जाना पड़ता है तो इस पानी को चिर कर जाना पड़ता है। इन कॉलोनियों में जलभराव की वजह से दिवारों में अनेक जगहों पर दरारे आ गई है। अगर जल्दी इन कॉलोनियों के पानी की निकासी नहीं हो पाई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

यही स्थिति गांव पुर व बलियाली में बनी हुई है। वहां पर अनेक मकानों के अंदर व बाहर बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से वहां पर कभी भी कोई हादसा हो सकता है,लेकिन हैरानी की बात यह है कि बवानीखेड़ा हलके का विधायक ने अभी तक इन गांवों में जाकर लोगों की दुख व तकलीफ नहीं पूछी है। इस मौके पर बलबीर, बबलू,सोनू, परमाल के अलावा अनेक लोग मौजूद थे।

गांव लोहारी जाटू में मकानों की हालत खस्ता

# पानी की निकासी नहीं होने से दरकने लगे आशियानें





**भिवानी।** एक घर के अंदर घुसा पानी का दृश्य और घर के भीतर जमा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव लोहारी जाटू के खेतों से आए पानी ने ऐसी तबाही दी कि अभी तक रिहायशी कॉलोनियां डूबी हुई है। हालांकि सोमवार को प्रशासन ने गांव में पानी की निकासी के लिए एक पम्प का जुगाड़ तो करवा दिया,लेकिन बारिश के एक सप्ताह से ज्यादा दिनों तक पानी जमा होने की वजह से लोगों के आशियाने दरकने लगे है। हालात ये बने है कि कई मकानों में तीन इंच मोटी तक दरार आ गई है। जिनमें रहना तो अलग,उनके अंदर जाना भी खतरे से खाली नहीं है। मकानों की हालत खस्ता होने की वजह से लोगों ने मकानों को खाली करना आरंभ कर दिया है।

जगन्नाथ मंदिर व पास में बने पार्क में पिछले एक सप्ताह से एक एक फुट बारिश का पानी जमा है। पार्क की दिवारों में भी दरारे आने लगी है। इनके साथ लगते मकानों में तीन से चार फुट पानी है। लोगों के घर के अंदर तक पानी पहुंचने की वजह से वे बार बार पानी को बाल्टियों में भरकर बाहर फेंक रहे है। कई मकान मालिकों ने अंदर पानी को निकालने के लिए पम्पसेट लगाने शुरू कर दिए,लेकिन जितना पानी निकाला जा रहा है। उतना ही पानी बढ भी रहा है। पानी ज्यादा होने की वजह से कई परिवारों ने मकानों को खाली करके अन्य मकानों में शरण लेनी आरंभ कर दी है। वहीं जिस इलाके में पानी जमा है। उस इलाके के मकानों में दरारे आ गई है। मकान के फर्श भी बैठने लगे है। जो कि ये मकान कभी भी धंस कर बड़े हादसे का कारण बन सकते है। मकान के जिस हिस्से में दरार आ गई है। उन कमरों को छोड दिया है।



**भिवानी।** बारिश के पानी जमा होने के बाद मकान में आई दरार का दृश्य।

**पीने के पानी का बनने लगा सकंट:** शहर के दोनों जलघरों व एक बुस्टर में करीब तीन से चार फुट तक पानी जमा होने की वजह से पानी की सप्लाई ठप्प है। करीब एक सप्ताह से गांव के किसी भी क्षेत्र में पीने के पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। पानी के पम्पसेट पानी में डूबें हुए है। जब तक उन मोटरों को नहीं निकाला जाता। तब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाएगी। सभी कुंए व हैंडपैम्प बंद है। सभी दूषित पानी में डूबे है। फिलहाल लोग पीने के पानी के लिए दर दर भटकते फिर रहे है।

### सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो चैंपियनशिप में विराट ने जीता कांस्य पदक, विद्यालय में किया सम्मानित

■ कड़ी मेहनत, लगन और उचित मार्गदर्शन का परिणाम है विराट की उपलब्धि : रेणुका शर्मा

**भिवानी।** 4 से 7 सितंबर तक सोनीपत में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो चैंपियनशिप में गांव कलिंगा स्थित श्री बालाजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र विराट ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंडर-11 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर बड़ी सफलता हासिल की है। इस जीत ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और शानदार प्रदर्शन के बाद, विराट ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी को मात देकर तीसरा स्थान हासिल किया। शानदार जीत के बाद जब विराट स्कूल वापस लौटे, तो उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय की संचालिका रेणुका शर्मा और प्राचार्य बजरंग कुमार तंवर ने विराट को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे। प्राचार्य बजरंग कुमार तंवर व संचालिका रेणुका शर्मा ने कहा कि विराट की यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, लगन और उनके कोच के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है।

## 15 व 16 को शिक्षा विभाग कराएगा दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चों का असेसमेंट

■ टीजीटी/पीजीटी करेंगे ऑनलाइन असेसमेंट
■ 30 बच्चों पर एक शिक्षक निर्धारित किया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एबीआरसी, बीआरपी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले के तमाम खंडों के बीआरपी व एबीआरसी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 15 व 16 सितंबर को शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी व तीसरी कक्षा की असाइनमेंट करवाने बारे प्रशिक्षण देना था। असेसमेंट टीजीटी व पीजीटी द्वारा दी जाएगी और जो स्वयं के कलस्टरों के विद्यालयों में ही ली जाएगी। हालांकि जिन विद्यालयों में पानी जमा है उनके लिए क्या योजना है, ये भी सोचने वाला विषय है। मीटिंग में राज्य स्तर की टीम से सुखदा ने पहुंचकर उपस्थित जनों को बताया कि किस प्रकार से निर्धारित तिथि को शिक्षकों को मोबाइल में हरियाणा शिक्षक एप डाउनलोड करके उसका प्रयोग करवाना है और शिक्षक द्वारा एक बच्चे की 5 से 10 मिनट में उसकी असेसमेंट करके ऑनलाइन डाटा फीड करेगा। 30 बच्चों पर एक शिक्षक निर्धारित किया गया है। अंत में शिक्षक को फार्म भी फीड करना होगा। वहीं जिला एफएलएन कोर्डिनेटर सुनील कुमार, एबीआरसी भारत यादव ने बताया कि जिले के सभी बीआरपी व एबीआरसी अपने अपने कार्य में पूरी तरह से निपुण है। यदि कोई कोर-कसर रह जाती है तो वे उसने किसी भी समय जानकारी लेकर इस असेसमेंट को कामयाब बनाने का कार्य करेंगे।





**बवानीखेड़ा।** पानी की निकासी का जायजा लेते विधायक।

## विधायक और उपायुक्त ने पानी निकासी के प्रबंधों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और डीसी साहिल गुप्ता ने कस्बा बवानी खेड़ा और आसपास क्षेत्र में जलभराव और पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया। विधायक ने डीसी को कस्बे के आबादी क्षेत्र में हुए जलभराव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं दूसरी ओर डीसी ने विधायक को बताया कि पानी निकासी से संबंधित संसाधनों के रेट निर्धारित किए गए हैं, संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारी बारिश के चलते हैं कस्बे में विधायक वाल्मीकि के आवास क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न आधा दर्जन वार्डों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और नगर पालिका प्रशासन द्वारा बारिश के पानी निकासी के प्रयास किया जा रहे हैं। मंगलवार को विधायक ल्मीकि और डीसी गुप्ता ने नगर पालिका और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ जल भरा हुआ पानी की निकासी के प्रबंध का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने डीसी को बताया कि खेड़ी दौलतपुर रोड़ पर नवनिर्मित बाईपास की पुलिया से पानी कस्बे की तरफ आ रहा है। वहीं दूसरी और जमालपुर की तरफ से पुराना माइनर से पानी कस्बे में आ रहा है। इससे कस्बे के चारों तरफ बस्तियों में जल भराव की स्थिति बनी है।

### ग्रामीण कर रहे सहयोग

विधायक वाल्मीकि ने कहा कि कस्बा बवानीखेड़ा और आसपास क्षेत्र के गांवों में पानी निकासी के लिए ग्रामीण भी सरकार और प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह गंभीर हैं और प्रदेश भर के अधिकारियों को पानी की निकासी को लेकर जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार और तहसीलदार जयवीर और नायब तहसीलदार विचित्रानंद, नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सिंचाई मंत्री ने गांव सागवान में लिया जलभराव की स्थिति का जायजा

# पानी निकासी के लिए बनाए जाएंगे नए चैनल: श्रुति चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि अब की बार मानसून की बारिश प्राकृतिक आपदा के रूप में आई है। जिला भिवानी के साथ-साथ पूरे हरियाणा प्रदेश में सरकार पानी निकासी को लेकर गंभीर है।

मुख्यमंत्री सैनी के आदेशानुसार पूरा शासन और प्रशासन संसाधनों के साथ में जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी में जुटा है। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के लिए अलग से नए चैनल भी बनाए जाएंगे और और भविष्य में बाढ़ जैसे हालातों से निपटने के लिए परियोजना पर काम किया जाएगा। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी मंगलवार को तोशाम विधानसभा क्षेत्र के गांव सागवान में जल भराव का जायजा लेने के दौरान तोशाम के लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी पानी निकासी को लेकर फील्ड में उतरे हुए हैं। मुख्यमंत्री स्वयं तोशाम क्षेत्र के गांवों में जलभराव को गंभीर हैं तथा निरंतर उनसे जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि बारिश से किसानों और आमजन को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। फसलों में हुए नुकसान के लिए ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। इसके अलावा मकान या पशु और नुकसान के लिए सरकार द्वारा राशि निर्धारित की गई है। जलभराव खत्म होते ही संबंधित विभागों द्वारा सर्वे करवाया जाएगा और प्रभावित लोगों के आवेदन लेकर उनको सहायता राशि प्रदान कर नुकसान की भरपाई की जाएगी।



■ शासन और प्रशासन जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी में गंभीरता से लगा है: श्रुति चौधरी

### मिलकर समस्या का हल निकालना होगा

श्रुति चौधरी ने कहा कि बारिश के पानी निकासी के लिए अलग से चैनल बनाए जाएंगे इसके साथ-साथ भविष्य के मद्देनजर परियोजनाएं तैयार कर उन पर काम किया जाएगा ताकि आने वाले समय में लोगों को जल भराव की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि आपदा का समय राजनीतिक बातें करने का नहीं होता। आपदा के दौरान आपस में मिलकर समस्या का हल निकालना और आपदा का सामना करने का होता है।


**ये रहे मौजूद:** इस दौरान उपायुक्त साहिल गुप्ता, सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ सतबीर कादयान, एसडीएम रवि मीणा, चीफ इंजीनियर सतीश जैन, अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई, कार्यकारी अभियंता मनीष, अमनदीप व नवीन देशवाल, विकास धनखड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियो के अलावा एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, अमर सिंह हालुवास, दिलबाग नीमड़ी, रामप्रताप शर्मा, परमजीत मद्दू आदि मौजूद रहे।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

## लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवार्ड्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

## क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

## पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

***मुंबई।** बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नही है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** *: इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** *: बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** *: शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** *: टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** *: बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह*** *: रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** *: शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** *: रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** *: फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** *: बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

# पानी निकासी को लेकर किसान सभा ने भिवानी घग्गर ड्रेन का मुआयना किया

## मंत्री श्रुति चौधरी के समक्ष उठाई समस्याएं

### भिवानी घग्गर ड्रेन में बापोड़ा में दो ड्रेन तालू सिवाड़ा मण्ढाना तथा धनाना सैमण ड्रेन मिलती हैं, कई गांवों का पानी आ मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

*अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी का बड़ा प्रतिनिधिमंडल दांग बलियाली के बीच भिवानी घग्गर ड्रेन का मुआयना करने बलियाली में पहुंचा टूटी हुई तथा ड्रेन का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफत देशवाल तथा जिला उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश कर रहे थे। उन्होंने पता लगाया कि भिवानी घग्गर ड्रेन में बापोड़ा में दो ड्रेन तालू सिवाड़ा मण्ढाना तथा धनाना सैमण ड्रेन मिलती हैं, जो ओवरफलो होकर पीछे से दो दर्जन गांव का पानी भिवानी घग्गर में आ मिला और उक्त ड्रेन की क्षमता बहुत कम थी, इसमें 10 गुना पानी आने से यह ओवर फ्लो होकर टूट गई तथा सागवान गांव में पानी का कहर टूट पड़ा तथा 80 प्रतिशत घर डूब गये तथा लोग अपने मवेशियों के साथ गांव छोडऩे पर मजबूर हो गए।*

**10 गुना पानी आने से ओवरफ्लो हो गई घग्गर ड्रेन**

**सागवान में 80 प्रतिशत से ज्यादा घरों में घुसा पानी ,लोग आशियाना छोड़ने का मजबूर**



भिवानी। सिंचाई मंत्री से घग्गर ड्रेन की पटरियों को मजबूत करने की मांग करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### तीन मोगे बंद किए जाएं

*इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल सदस्य तोशाम में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मिलते तथा उन्होंने सिंचाई मंत्री से मांग की है कि भिवानी घग्गर ड्रेन की पटड़ियो पर मिट्टी व रेत के कट्टे डालकर उसके किनारों की फौरी तौर पर मरम्मत हो, दांग गांव की तरफ से चलने वाले रोड से नीचे तीन मोगे बंद किए जाए, पीछे का पानी निगाणा फीडर में डाला जाए, सागवान गांव का पानी बड़ी मोटरें लगाकर अलखपुरा की तरफ निकाला जाए, यदि फौरी तौर पर ये उपाय हों तो जल की निकासी शीघ्र हो सकती है। साथ में किसान नेताओं ने मांग की कि हरियाणा सरकार के मुआवजा घोषणा को उंट के मुंह जीरा बताया। इसको खेतों में बर्बाद फसलों के लिए एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, धवस्त मकानों के लिए तथा मजदूरों को न्यायोचित मुआवजा देने तथा मनरेगा का काम 200 दिन दिया जाए। इस अवसर पर किसानसभा बवानीखेड़ा ब्लाक सचिव रामोतार बलियाली, तोशाम ब्लाक के प्रधान नरेन्द्र डाडम, ब्लाक कोषाध्यक्ष रणधीर सिढ़ान, दिनेश मीरान, महाबीर फौजी, नरेन्द्र धनाना, मांगेराम स्योरण शामिल रहे।*

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों के आर्थिक सहायता की घोषणा

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार ने एक अहम कदम उठाते हुए बाढ़ से प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने विभिन्न श्रेणियां निर्धारित करते हुए सहायता राशि देने की घोषणा की है। उपायुक्त डा मुनीष नागपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए विभिन्न श्रेणियों में आर्थिक सहायता राशि निर्धारित की गई है। यह सहायता राशि बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने और पुनर्वास में मदद करने के उद्देश्य से दी जा रही है।

### भूतपूर्व सैनिक प्रदीप का निधन

**बाढड़ा।** हरियाणा पुलिस में कार्यरत काकडोली हुक्मी निवासी कृष्ण उर्फ लाला के बड़े भाई ४५ वर्षीय प्रदीप कुमार भूतपूर्व सैनिक का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज गांव के श्मशान घाट में किया गया। पूर्व सैनिक प्रदीप श्योराण का निधन न सिर्फ परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदीप कुमार ने भारतीय सेना की राज राइफल्स यूनिट में सेवा करते हुए देश की सुरक्षा और स मान के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज में वे एक सरल, मिलनसार और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी थे हर समय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहना उनकी सबसे बड़ी पहचान रही।

### खेल सुविधाओं से वंचित हैं खिलाड़ी: बुवानीवाला

**भिवानी।** खिलाड़ियों की खान भिवानी में सरकार की उदासीनता से खिलाड़ी खेल सुविधाओं से वंचित हैं। ना यहां उचित खेल परिसर है और ना ही खेल का सामान है। यहां के भीम स्टेडियम में वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मल्टीपर्पज हॉल बनाने की घोषणा की थी। घोषणा के छह साल बीत जाने के बाद भी मल्टीपर्पज हॉल बनाने की योजना एक कदम भी नहीं चल पाई है। यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक बुवानीवाला का। उन्होंने कहा कि भिवानी जिला के खिलाड़ी पूरे हरियाणा में सबसे अधिक मेडल जीतकर आते हैं।

## गोरक्षा दल भिवानी ने चलाया जागरूकता अभियान

# बेसहारा गायों को सड़क पर नहीं गोशाला में दें गोग्रास : परमार

### गायों को अत्याधिक मात्रा में ग्रास देने अनजाने में मौत का कारण बन पाप के भागी बनते हैं नागरिक : संजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

श्राद्ध पक्ष की अमावस्या पर बेसहारा गायों को सड़क पर अत्यधिक गोग्रास देने की पुरानी प्रथा को लेकर गोरक्षा दल भिवानी ने एक अनूठा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि सड़क पर खड़े बेसहारा पशुओं को जरूरत से ज्यादा खिलाने से उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे उनकी अकाल मृत्यु भी हो सकती है। इस अभियान के तहत गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को जागरूक किया।

परमार ने छात्राओं से अपील की कि वे अपने-अपने परिवारों में इस संदेश को फैलाएं और अपने परिजनों को श्राद्ध की अमावस्या के दिन सडक़ पर खड़ी बेसहारा गायों को गोग्रास न देने के लिए प्रेरित करें।



भिवानी। मंगलवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार के अनुसार श्राद्ध पक्ष की अमावस्या पर सड़क पर खड़ी गायों को गो ग्रास देना, गौ-हत्या के बराबर है। परमार ने कहा कि श्राद्ध पक्ष के दौरान लगभग हर घर से गो ग्रास निकलता है। अगर किसी मोहल्ले में 100 घर हैं और केवल 4-5 गायें हैं, तो उन गायों के पेट में क्षमता से कई गुना अधिक अनाज चला जाता है। एक गाय की अनाज पचाने की क्षमता अधिकतम 2 से 3 किलो होती है। लेकिन श्रद्धावश, लोग उसे 10-15 किलो तक अनाज खिला देते हैं, जिससे वह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाती है। गो ग्रास में रोटी, पूड़ी और चावल जैसी चीजें होती हैं, जो अनाज का एक रूप हैं। जब गाय इसे खाती है, तो शुरुआत में कोई दिक्कत नहीं होती। लेकिन कुछ घंटों बाद जब वह पानी पीती है तो उसके पेट में गैस (अफारा) बन जाती है। इस गैस से गाय को असहनीय पीड़ा होती है।

#### बंट जाता है ग्रास

उन्होंने कहा कि हर कोई सोचता है कि उन्होंने तो केवल दो रोटियां दी हैं, लेकिन यह नहीं पता कि उनसे पहले और बाद कितने लोगों ने उसे खिलाया है। उन्होंने कहा कि लोगों की यही श्रद्धा, गाय के लिए प्राणघातक बन जाती है। परमार ने कहा कि अपने घर से निकला गो ग्रास सड़क पर खड़ी गायों को देने की बजाय किसी गोशाला में दान कर दें। गोशाला में गायों की संख्या अधिक होती है, जिससे गो ग्रास बराबर बंट जाता है और किसी भी गाय पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि यदि आप गोसेवा करना चाहते हैं, तो गायों को हरा चारा खिलाएं। हरा चारा गायों के लिए पचाना आसान होता है और इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं होता। आप जितना चाहें, उतना हरा चारा खिला सकते हैं।





तोशाम। दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया जन्मदिन

**तोशाम।** मंगलवार को पवन शर्मा ने अपने पोते तनुष शर्मा पुत्र हिमांशु शर्मा का जन्मदिन गांव सरल के जेबीडीएम स्पेशल विद्यालय में दिव्यांग बच्चो के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर तनुष शर्मा की दादी सुमित्रा शर्मा के साथ रितू शर्मा, मोनिका शर्मा, सुरेंद्र पीटीआई, सुरेश, सचिन आदि सभी ने मिलकर दिव्यांग बच्चो को फल, मिठाइयां व अन्य खाद्यसामग्री वितरित की। इस दौरान संस्था निदेशक सुनील सूरा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि दिव्यांगजन के साथ अपनी खुशी सांझा करना बहुत ही नेक कार्य है ऐसे अवसरों पर दिव्यांग बच्चों को भी खुशी मिलती है। इस अवसर पर विनोद जट्टान, कोर्स कोऑर्डिनेटर सुशील वर्मा, कमल कस्वां, स्वीटी, प्रिया, अनिल, अन्नू, नरेश शर्मा, मोनू जांगड़ा व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### गुरु का सम्मान सबसे बड़ा धर्म : संजीव

**चरखी दादरी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश कुमार के आदेश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राधिकरण के सचिव सीजेएम संजीव काजला ने शिक्षकों को बधाई दी और उनके द्वारा समाज को बेहतर बनाने में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। कानूनी साक्षरता क्लब में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान नई दिशा नई उड़ान अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी गतिविधियों की जानकारी दी गई। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया। सचिव ने कहा कि गुरु का सम्मान सबसे बड़ा धर्म है। जो हमें जीवन का ज्ञान दे वही सच्चे गुरू होते हैं। शिक्षकों ने केवल हमें शिक्षित ही नहीं किया बल्कि सशक्त बनाया है।

## मंदिर परिसर में शोक सभा का आयोजन

■ नेपाल में अध्ययन करने वाले युवा 20 वर्षीय मानव ऐरन का निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

काठमंडी सैनीपुरा क्षेत्र स्थित श्री श्याम हनुमान मंदिर परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें हाल ही में दिनेश ऐरन के युवा पुत्र मानव ऐरन का स्वर्गवास हो जाने पर शोक जाहिर किया गया। साथ में परमात्मा से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे।

श्री श्याम हनुमान मंदिर समिति रजिस्टर्ड प्रधान राजेश जांगड़ा ने बताया कि हाल ही के दिनों में नेपाल में अध्ययन करने वाले युवा 20 वर्षीय मानव ऐरन का निधन हो गया है। दिनेश ऐरन का यह युवा पुत्र होनहार व सामाजिक प्रवृति का धनी था। काठमांडू में अध्ययन कर रहा था। परमात्मा दिवगत आत्मा को शांति प्रदान कर अपने चरणों में स्थान दे व उसके परिवार को इस दुख की घडी को सहने की क्षमता प्रदान करे। इस दौरान डॉ सुदेश वर्मा उप प्रधान डॉक्टर राजेश सनवाल रिंकू डिंपी सिंगला मनोज गर्ग डॉक्टर नरेंद्र वशिष्ठ सुरेश कुमार अनिल ग्रोवर उप प्रधान पंजाबी सभा विक्की कुकरेजा संजय सैनी मनोज सैनी पंडित अश्विनी शास्त्री सुभाष सिंगला कृष्ण सैनी सतीश सैनी महिलाओं में श्रीमती शीला देवी रोशनी देवी लक्ष्मी देवी अनीता देवी कीर्ति भावना देवी आदि आदि ने प्रार्थना की।

# छात्राओं ने दी मनोरम प्रस्तुति

### वैश्य मॉडल स्कूल में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन

■ महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत ही समाजवाद की वास्तविक परिभाषा : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

वैश्य मॉडल प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं विधायक भिवानी घनश्याम दास सर्राफ ने श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे दिन वैश्य मॉडल स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अग्रसेन महाराज के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज को आगे ले जाना चाहिए। सर्वप्रथम सभी अतिथि महानुभावों ने महाराज अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा उनकी पूजा अर्चना की। वैश्य मॉडल स्कूल प्रबंधसमिति के सदस्य पवन अग्रवाल एवं प्राचार्या ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी सम्मानित अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत व अभिनंदन किया। महासचिव बृजलाल सर्राफ ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम की भूरि-भूरि सराहना की तथा महाराज अग्रसेन द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था,आर्थिक समरूपता और सामाजिक समानता को अपनाने का संदेश दिया। ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में हम महाराजा अग्रसेन द्वारा दिए गए संस्कारों को समाज में बढ़ावा दें ।



भिवानी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

इस अवसर पर अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ भगवान विनायक की वंदना से किया गया जिसमें गणपति बप्पा मोरिया की गूंज ने कार्यक्रम को अति विशिष्ट बना दिया। विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से महाराजा अग्रसेन की बहुत ही मनोरम स्तुति की। सनातन धर्म गुरुओं के सम्मान को दर्शाती लघु नाटिका ने सभी जनों को गुरु के सम्मान में नतमस्तक कर दिया ,वहीं 'भक्ति में शक्ति' थीम पर शानदार नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वैश्य समाज के सभी अठारह गोत्रों को दर्शाते नृत्य ने सभागार को तालियों से गुंजायमान कर दिया। विद्यालय की छात्रा द्वारा प्रस्तुत एकल शास्त्रीय नृत्य भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा।

### किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार की बजाए 50 हजार का मुआवजा दें

**बाढड़ा।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों के खेतों में पहुंच कर किसानों से मुलाकात कर सरकार द्वारा इस दुख की घड़ी में सुध न लेने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दक्षिणी हरियाणा में लगातार बरसात से किसानों की खरीफ सीजन की सौ फिसदी फसलें खराब हो गई है लेकिन सीएम चरखी दादरी, भिवानी दोनों जिलों में केवल पोर्टल के नाम पर रकबे को ही नुकसान की श्रेणी में लेकर असली प्रभावित किसानों के हितों से कुठाराघात कर रहे हैं जो न्यायसंगत नहीं है। सीएम नायब सिंह सैनी दस से पंद्रह हजार मुआवजे का वायदा कर रहे हैं जो किसान वर्ग के साथ अन्याय है और कम से कम पच्चास हजार का मुआवजा जारी करना चाहिए।

## भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने बाढड़ा प्रभावित क्षेत्र



बाढड़ा। पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

हरि भूमि न्यूज ▸▸ बाढड़ा

भाकियू प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को उपमंडल के आधा दर्ज़न गांव बाढड़ा, काकड़ौली, लाडावास,उमरवास आदि के किसानों ने बरसात की चपेट में आई फसलों व जिले के साथ लगते तोशाम क्षेत्र के गांव सागवान में पहुंच कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनी तथा प्रदेश सरकार से उनकी सुध लेने की मांग की। भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अगुवाई में युवा किसान नेता रवि आजाद, भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, सतबीर बाढड़ा वेदप्रकाश आदि ने आज दादरी व भिवानी के बरसात से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर किसानों व ग्रामीणों से मुलाकात की। किसान नेताओं ने बताया कि बाढड़ा व दादरी क्षेत्र में उम्मीद से अधिक बरसात से बाजरा, ग्वार व कपास की सौ फिसदी फसलें चौपट हो चुकी हैं लेकिन सरकार केवल कागजी कदम उठा कर जानबूझ कर तबाही का इंतजार कर रही हैं। भिवानी जिले का गांव सागवन डुबा हुआ है लेकिन प्रदेश सरकार अभी तक पानी निकासी के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।

### कुरुक्षेत्र में हुआ था चैंपियनशिप का आयोजन

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका: गोयल

*कुरुक्षेत्र में आयोजित 12वीं हरियाणा स्टेट ओपन सीनियर एथलीट चैंपियनशिप में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की खिलाड़ी शबनम ने रजत पदक एवं खिलाड़ी प्रमोद ने कांस्य पदक प्राप्त कर लहराया परचम।*

■ महाविद्यालय लौटने पर विजेताओं का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका होती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो एकाग्रता से कड़ी मेहनत करते हुए खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़े। पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम चमकाने में वैश्य महाविद्यालय के खिलाडिंयों की बड़ी भूमिका रही है यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी में महाविधालय के खिलाड़ियों शबनम एवं प्रमोद द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित 12वीं हरियाणा स्टेट ओपन सीनियर एथलीट चैंपियनशिप में क्रमशः रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने के पश्चात

महाविद्यालय लौटने पर उन्हें सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक जीतना बहुत ही सराहनीय कार्य है।



भिवानी। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित। फोटो :हरिभूमि

महाविधालय के खिलाड़ियों शबनम एवं प्रमोद की इस सफलता पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, महासचिव डॉ पवनबुवानीवाला ,वैश्य महाविद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान अजय गुप्ता ,महासचिव भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ, ट्रस्टी विजयकिशन अग्रवाल ने उसे बधाई दी। डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र सिंह एवं डीन स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो धीरज त्रिखा ने खिलाड़ियों शबनम एवं प्रमोद को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रतिभा का सम्मान करने से उन्हें आगे बढ़ने का जज्बा मिलता है। उन्होंने कहा की महाविधालय प्रबंधन के साथ मिलकर महाविधालय के खिलाडिय़ों को खेल सुविधाओं से वंचित नही रहने दिया जाएगा बल्कि उन्हें बेहतर खेल सुविधा प्रदान की जाएंगी। खेल प्रकोष्ठ के चेयरमैन सुरेंद्र दलाल एवं महाविद्यालय के खेल इंचार्ज भूपेंद्र भुप्पी ने बताया की 12वीं हरियाणा स्टेट ओपन सीनियर एथलीट चैंपियनशिप का आयोजन कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया था जिसमें महाविद्यालय की एम ए प्रथम वर्ष की छात्रा खिलाड़ी शबनम ने रजत पदक एवं बी ए प्रथम वर्ष के छात्र खिलाड़ी प्रमोद ने कांस्य पदक प्राप्त पदक प्राप्त कर देश प्रदेश शहर एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

#### विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ को खेल गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए : प्राचार्य

*उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अन्य युवाओं को भी इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने लिए प्रेरित करना चाहिए । आज महाविद्यालय के खिलाडी शबनम एवं प्रमोद के महाविद्यालय पहुंचने पर वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र सिंह, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर प्रो धीरज त्रिखा,खेल प्रकोष्ठ के चेयरमैन सुरेंद्र दलाल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ.हरिकेश पंघाल, डॉ सुरेन्द्र दलाल, डॉ.राजेंद्र सिंह,खेल इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ,कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज ने शबनम एवं प्रमोद की इस सफलता पर बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया।*

## खबर संक्षेप

### सेक्टर-13 स्कूल में पार्षद ने करवाई फोगिंग

**भिवानी।** सेक्टर-13 के स्कूल में जलभराव से स्कूल के छात्र और स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का जायजा लेने के लिए वार्ड नंबर-1 के पार्षद और सेक्टर-13 मार्केट के प्रधान सूर्या तंवर मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का गंभीरता से आकलन किया और तुरंत समाधान के लिए कदम उठाए। स्कूल परिसर में हुए जलभराव के कारण मच्छरों और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### डॉ. जयपाल को स्माइल संस्था ने किया सम्मानित

**भिवानी।** स्माइल फाउंडेशन ने शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 2025 के कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री महिपाल डांडा ने डॉ जयपाल शास्त्री चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिढा, भारत भूषण भारती ओएसडी मुख्यमंत्री, अजय मित्तल जिला प्रधान भाजपा, कपिल अनेजा सदस्य कर्मचारी चयन आयोग इत्यादि भी मौजूद रहे।

### मीडिया सलाहकार के जन्मदिन पर त्रिवेणी रोपित

**भिवानी।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया के जन्मदिन पर पर्यावरण प्रेमी और हवलदार लोकराम नेहरा ने त्रिवेणी बाबा के सान्निध्य में सैक्टर-23 की ग्रीन बेल्ट में एक त्रिवेणी का रोपण किया। इसका उद्देश्य जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों को पर्यावरण संरक्षण से जोडऩा है। हवलदार लोकराम नेहरा ने बताया कि त्रिवेणी का पारंपरिक और आध्यात्मिक महत्व है। इससे न केवल वायु शुद्ध होती है, बल्कि इसे पूजनीय भी माना जाता है।


### सीबीएलयू में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भिवानी।** वीसी प्रो. दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा के मार्गदर्शन में सीबीएलयू ने 9-10 सितंबर, 2025 को चेंजिंग द नारेटिव ऑन सुसाइड विषय पर विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और व्यापक समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाना, संवाद को प्रोत्साहित करना और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है।

## जजपा ने प्रदर्शन कर उपायुक्त को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

# जल निकासी व फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरी जजपा

**भिवानी में भाजपा के दो-दो सांसद व मंत्री होने पर हाल बेहाल: कृष्ण बजीणा**



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन देने जाते किसान। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला में जलभराव को लेकर जेजेपी ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर जल निकासी व मुआवजे की मांग उठाई है। जजपा पदाधिकारियों का कहना है कि महिने बाद भी जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं और सरकार ने जो मुआवजा घोषित किया है वो उंट के मुंह में जीरा है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जजपा जिला प्रभारी कृष्ण बजीना व जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने किया।

इस दौरान जजपा पदाधिकारियों ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में विफल रही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जजपा जिला प्रभारी कृष्ण बजीना व जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि एक माह से जिला के आधे गांवों में जलभराव है। जिसकी निकासी का अभी कोई पुख्ता प्रबंध नहीं। वहीं सरकार ने जो मुआवजा जारी किया है, वो उंट के मुंह में जीरा है। क्योंकि 8-10 हजार रूपये में तो बुआई व बिजाई भी नहीं होती। उन्होंने कहा कि हर गांव में फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। ऐसे में क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने से काम नहीं चलेगा। सरकार को चाहिए कि तुरंत विशेष गिरदावरी होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने तंज कसा कि भिवानी जिला में दो दो सांसद व एक सिंचाई मंत्री होने पर भी ये हाल है। ऐसे में वो जनता के बीच कैसे व क्या मुँह लेकर जाएंगे।

### 25 गांवों में 50 एकड़ में फसलें हुई बर्बाद

उन्होंने कहा कि अत्याधिक बारिश व जलभराव से करीबन 50 हजार एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। वही अब तक 25 से अधिक गांवों में हजारों मकान पानी में डूबने या ढ़हने से प्रभावित हुए हे। बवानीखेड़ा के बाजार क्षेत्र में सैंकड़ों दुकानों व गोदामों में पानी घुस गया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। अब तक हजारों पशुओं की मौत हो चुकी है तथा कई प्रभावित भी हुए है। यही नहीं जिले में सैंकड़ों किलोमीटर सडकें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नुकसान का तुरंत सर्वे करवाकर प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए, प्रभावित परिवारों को अस्थाई अवास, भोजन और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, पशुपालन विभाग द्वारा मृत पशुओं के लिए मुआवजा शीघ्र दिया जाए, क्षतिग्रस्त सडकों व सार्वजनिक ढ़ांचों की मरम्मत तत्काल करवाई जाए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ,जिला प्रभारी कृष्ण बजीना, राजबीर तालू,हलका अध्यक्ष तोशाम रिशिपाल फोगाट , बवानी खेड़ा अध्यक्ष अजमेर सरपंच, देवेंद्र नकीपुर ,सेठी धनाना, रविंद्र पटौदी, बबलू कोंट ,मनदीप तालू,यासीन खान, अवतार सांगवान, कृष्ण वर्मा, मदन यादव, आशु वाल्मीकि ,सुखबीर सांडवा,धर्मवीर शर्मा, आकाश यादव एडवोकेट ,उत्तर धनाना,राजेंद्र सोलंकी व शंकर आहूजा समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बहल। बीआरसीएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में हवन में पूर्णाहुति देते हुए स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# दृष्टि और लक्ष्य है मूल्य आधारित शिक्षा देना

- फ्रेशर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में नए छात्रों के स्वागत में फ्रेशर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र की सफलता के लिए हवन किया गया। विद्यार्थियों को प्रबंधन समिति द्वारा कॉलेज के नियमों व संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। निदेशक डॉ. एसके सिन्हा मुख्यातिथि रहे। उन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग जैसे प्रोफेशन कॅरिअर का चुनाव कर एक सराहनीय निर्णय लिया है। बीआरसीएम द्वारा संचालित सभी संस्थानों से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। डॉ. सिन्हा ने कहा हमारी दृष्टि और लक्ष्य है मूल्य आधारित शिक्षा देना। यहां शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कृति एवं विरासत पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

### विज्ञान उन्नत मॉडल

कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुज शर्मा ने कॉलेज प्रबंधन, संस्थान की संरचना एवं पाठ्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभागाध्यक्षों, रजिस्ट्रार व समस्त स्टाफ सदस्यों का दिया और कहा कि इंजीनियरिंग विज्ञान का एक उन्नत मॉडल है। छात्रों को इस क्षेत्र में इनोवेटिव व क्रिएटिव बनने की आवश्यकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र गौड़ ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों का परिचय कराया। छात्र गतिविधियों की मुख्य संचालक अनीता दलाल ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शुक्ला, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. जितेन्द्र गौड़, अमित फोगला, सुरेश जांगड़ा, अमित, रंजन, रजिस्ट्रार पवन पंघाल, डॉ. अंजू शर्मा, विनोद जाखड़ सहित अन्य स्टाफ सदस्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीबीएलयू में विज्ञान पर व्याख्यान

- पर्यावरण संरक्षण से आगे बढ़ सकता है विश्वा : डॉ. अश्विनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज में आज विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज के इन्वायरनमेंट साइंस डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अश्विनी शर्मा ने पर्यावरण विज्ञान विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्रों को पर्यावरण अध्ययन पढ़ने की आवश्यकता और महत्ता पर प्रकाश डाला।




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पर्यावरण के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं

*उन्होंने छात्रों को पारिस्थितिकी तंत्र को सरल भाषा में समझाया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में एक छात्र अपनी किस प्रकार भूमिका निभाने को प्रेरित किया। इस व्याख्यान का आयोजन बीसीए. और बीजेएमसी के विद्यार्थियों के लिए किया गया था। वप्रवेश स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए विषय को सरल बनाने के लिए देश भर से अनेक विशेषज्ञों द्वारा समय- समय पर व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है, जिससे चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के बच्चे विशेषज्ञों से सीधे जुड़ सकें। उन्होंने छात्रों को अपने पर्यावरण के प्रति कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। इस व्याख्यान के अंत में स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज की कोर्डिनेटर डॉ. स्नेह लता शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।*

# गोवंश की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : श्रुति चौधरी

- सरकार गोवंश के संवर्धन एवं सरंक्षण के प्रति वचनबद्ध, नहीं रहने देंगे भूखा व बेसहारा
- कैबिनेट मंत्री ने गोशाला संचालकों को बांटे एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में गोवंश की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। घर में गाय होने से सकारात्मक ऊर्जा उत्तपन्न होती है। भाजपा सरकार गोवंश के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए वचनबद्ध है व गोशालाओं का बजट कई गुणा बढ़ाया है। सरकार का प्रयास है कोई भी गोवंश सड़कों पर बेसहारा व भूखा नहीं रहे। उन्होंने मंगलवार को लोक निर्माण विश्रामगृह में तोशाम हलके की 14 गोशालाओं को चारे की व्यवस्था के लिए एक करोड़ से अधिक के चेक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रही थी।



तोशाम। गौशालाओं को सहायता राशि के चेक जारी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अमर सिंह हालुवास, रामप्रताप शर्मा, दिलबाग नीमड़ी, वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, चैयरमैन सुखबीर पंघाल, कुलदीप मनसरवास, जेपी हसानियां, औमपाल पंघाल, भूपेंद्र पिलानियां, डॉ. सौरभ छाबड़ा, डॉ. सुरेश सांगवान, राजेश दहिया, धर्मपाल, एक्सइएन नवीन देशवाल, मनीष देशवाल, अमन दीप, एसडीओ चेतन, राजकुमार जांगड़ा, सतनारायण शर्मा, जयसिंह वाल्मीकि, रमेश पंघाल, अक्षय भारीवास, महेंद्र नंबरदार, कुलबीर, सरपंच मुकेश कतवार, किरण ढिल्लो, वासु शर्मा, भोलू पूर्व पार्षद, सुरेश लाठर, पवन बीडीसी, सरपंच कृष्ण सण्डवा मौजूद रहे।

### किसे कितना मिला

मंत्री ने श्री शिव मुनी गोशाला जितवानवास को तीन लाख 78 हजार 450, श्री बाबा धुनीवाला गोशाला दिनोद को 8 लाख 89 हजार 650, श्री खाटू श्याम गोशाला संडवा को 22 लाख 11 हजार 750, श्री बाबा दिलसुख गोशाला कैरू को 8 लाख 43 हजार 300, श्री राधा कृष्ण गोशाला ढाणीमाहू को 4 लाख दो हजार 300, जय श्री श्याम गोशाला पिंजोखरा को 12 लाख 42 हजार, बाबा मुंगीपा गोशाला तोशाम को 9 लाख 45 हजार, श्री शिव गोशाला दुल्हेड़ी को 4 लाख 68 हजार 900, महंत नोमीनाथ खेती गऊ सेवा पर्यावरण सुधता बुशान को 3 लाख 21 हजार 750, मां दुर्गा भवानी गोशाला लोहानी को दो लाख 15 हजार 550, बाबा पंचवीर गोशाला बापौडा को 13 लाख 81 हजार 50, जय बाबा रामदास गोशाला सागवान को 2 लाख 59 हजार 200 रुपये मिले।

## चौ. बंसीलाल कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**लोहारू।** चौ. बंसीलाल कॉलेज में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब प्रभारी पिंकी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को एड्स की रोकथाम सहित विभिन्न जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को एड्स के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। संक्रमित सूई का इस्तेमाल, असुरक्षित यौन संबंध आदि से एड्स फैलने की संभावना रहती है। डॉ. अजय वशिष्ट ने कहा कि एड्स एक संक्रामक रोग है। पिंकी ने कहा कि यदि किसी को एड्स से संबंधित जानकारी चाहिए या संदेह है तो वह राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1097 पर संपर्क कर सकता है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# सतलोक आश्रम में कार्यक्रम

- रामपाल के 75वें जन्मदिन पर कालूवास मोड़ आश्रम में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कालूवास मोड़ स्थित सतलोक आश्रम में रामपाल के 75वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम भंडारे और संत गरीबदास द्वारा रचित अमरग्रंथ की वाणियों के अखंड पाठ के साथ संपन्न हुआ। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आश्रम की प्रबंधन सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सकारात्मक बदलाव ही मुख्य उद्देश्य

इनमें अखंड पाठ, सत्संग, दहेज मुक्त विवाह, रक्तदान शिविर, देहदान शिविर और आध्यात्मिक प्रदर्शनी जैसे आयोजन शामिल थे। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी था। विशेष रूप से, दहेज मुक्त विवाह और देहदान-रक्तदान शिविरों ने सामाजिक चेतना को बढ़ावा दिया, जिसे श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। सत्संग समागम में आए श्रद्धालुओं ने आश्रम की व्यवस्था की खूब प्रशंसा की। बिना प्रशासन के इतना उत्तम अनुशासन अगर कहीं देखा है, तो वह सिर्फ सतलोक आश्रम में ही है। प्रबंधन समिति के सदस्यों, जिनमें बहन अंजु बाईदासी, भगत जगवीर दास एडवोकेट, भगत धर्मपाल दास, भगत वजीर दास, भगत बलवान दास, जिला कोऑर्डिनेटर भगत नानक दास, भगत धर्मवीर दास डाबला, और भगत नरेंद्र दास जैसे प्रमुख सेवादार शामिल थे।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

# जेवली में विश्व साक्षरता दिवस पर साक्षरता सप्ताह उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर-हरियाणा शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार साक्षरता सप्ताह उत्साह के तहत गांव जेवली राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में मुख्याध्यापक आंनद शर्मा की अध्यक्षता तथा उल्लास कार्यक्रम नोडल अधिकारियों सुनील कुमारी व शिव कुमार के मार्गदर्शन में साक्षरता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीण समुदाय को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया और साक्षरता रैली निकालकर ग्रामीणों को साक्षरता का संदेश दिया।




बाढड़ा। कस्बे की अनाज मंडी में आंदोलनकारी किसानों को संबोधित करते कमल प्रधान भिवानी। फोटो: हरिभूमि

### निरक्षरों की पहचान कर एप पर करें पंजीकृत

आजाद कौर, अंग्रेजो, सविता, सुनिता, कृष्णा, पटेल, सुनिता, सुमित्रा, शांति, अनिता, सुमन, कविता, निर्मला आदि प्रौढों ने सहभागिता की। मुख्याध्यापक आनंद शर्मा ने बताया कि सरकार व विभाग का प्रयास है कि प्रदेश में अधिक से अधिक साक्षरता का प्रचार प्रसार हो। जिसमें निरक्षरों की पहचान कर उन्हें उल्लास ऐप पर पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है। शिक्षकों को अधिक से अधिक कार्यक्रम से जोडऩे पर बल दिया जा रहा है ताकि निरक्षरों को संख्या ज्ञान और मूलभूत शिक्षा आसानी से दी जा सके। यह प्रयास केवल साक्षरता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा के महत्व से जोडऩा है।

## बरसात को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर पीड़ितों की सुध ले सरकार: कमल प्रधान

# बकाया मुआवजे के लिए किसानों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बाढड़ा अनाज मंडी में धरना 55 वें दिन भी जारी रहा जिसमें क्षेत्र के अनेक किसान संगठनों व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पहुंच कर समर्थन किया। अनाज मंडी परिसर में किसान नेता भूप सिंह धारणी व प्रताप सिंह खोरड़ा की अध्यक्षता में संचालित धरने का मंच संचालन नसीब कारीमोद ने किया। धरने को संबोधित करते हुए युवा कल्याण संगठन सरंक्षक कमल प्रधान ने कहा कि मौजूदा समय में बरसात की अधिकता को प्राकृतिक आपदा घोषित कर मकान या जान गंवाने वाले पीड़ित परिवार को दस लाख, फसल बर्बाद वाले किसानों को प्रति एकड़ साठ हजार की मदद करनी चाहिए ताकि इस बड़ी आपसदा से उभरने में सहयोग मिल सके। किसान नेता बलबीर बजाड़ ने कहा कि 55 दिन से किसान धूप बरसात में धरने पर बैठे सरकार किसानों कि सुध लेने को तैयार नहीं है। किसान कौम देश व दुनिया का पेट भरने वाली कौम है देश कितनी प्राकृतिक आपदा आई हुई फिर भी डटकर मुकाबला कर रहे हैं इसीलिए सरकार को हठ्धर्मिता का त्याग कर किसानों की सुध लेनी चाहिए।



बाढड़ा। कस्बे की अनाज मंडी में आंदोलनकारी किसानों को संबोधित करते कमल प्रधान भिवानी। फोटो: हरिभूमि

### कपास, मूंग, बाजरा व ग्वार की फसलें नष्ट

ज्यादा बरसात होने के कपास, बाजरा, गवार, मुंग की फसल बर्बाद हो गई है। सरकार व प्रशासन से मांग करते हैं और पानी के निकासी लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सरकार और प्रशासन से मांग करते हैं कि क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के साथ एसडीएम, तहसीलदार को स्पेशल गिरदावरी के निर्देश दिए जाऐ, खराबे का आकलन किया जाए किसानों और मजदूर परिवारों उनको पर्याप्त आर्थिक सहायता देना चाहिए। स्मार्ट मीटर का फैसला वापस ले व कपास पर लगने वाले 11 प्रतिशत आयात शुल्क को तत्काल प्रभाव से खत्म करने को देश भर के कपास पैदा करने वाले किसानों को उजाडऩे वाला निर्णय बताया है। इससे कपास की घरेलू कीमत पर सीधा असर पड़ेगा। बाहर से कपास सस्ती कीमतों पर बाजार में आएगी जिससे हमारे कपास की कीमतें निश्चित रूप से गिरेंगी और किसानों को और अधिक संकट और कर्ज का सामना करना पड़ेगा। श्योराण खाप पच्चीस अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला व सीटू नेता सुमेर सिंह धारणी ने कहा कि अधिक बरसात की मार सबसे अधिक गरीब किसान व श्रमिकों पर पड़ी है। सरकार को अविलंब प्रभाव से सभी गांव में मनरेगा का काम लगाया जाएं।

### जयंती को लेकर चलाया जनसम्पर्क अभियान

**चरखी दादरी।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल की जयंती पर 25 सिंतबर को रोहतक की नई अनाज मंडी परिसर में इसे सम्मान दिवस के रूप में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभी में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के बारे अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचने के लिए इनेलों के नेताओं द्वारा लगातार पूरे क्षेत्र के ग्रामीण, कस्बाई व शहरी क्षेत्रों में जन संपर्क किया जा रहा है। रोहतक में होने वाला आयोजन न सिर्फ सहभागिता के हिसाब से रिकार्ड हाजिरी दर्ज करवाए, साथ में देवीलाल के सिद्धांतो को अधिक से अधिक लोगों तक इसके माध्यम से पहुंचाया जाए। जिसकी कमान दादरी में हलका अध्यक्ष जयभगवान ठेकेदार ने संभाल रखी है।